CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 155 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार ,23 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कांग्रेस ने 45 जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी की, भीलवाड़ा ग्रामीण में रामलाल जाट और शहर में शिवराम खटीक नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस ने संगठनात्मक बदलाव करते हुए प्रदेश में 45 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है, जबकि 5 जिलाध्यक्षों की घोषणा अभी बाकी है। इस सूची में सबसे खास बात यह है कि 12 जिलों में मौजूदा विधायकों को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये सभी नियुक्तियां राहुल गांधी के रायशुमारी फॉर्मूले पर की गई हैं। वहीं बारां और झालावाड़ में बीते दिनों हुए अंता उपचुनाव के कारण रायशुमारी नहीं हो सकी, इसलिए इन जिलों की घोषणा रोक दी गई है। भीलवाड़ा जिले में हुए बदलावों में भीलवाड़ा ग्रामीण से रामलाल जाट और भीलवाड़ा शहर से शिवराम खटीक को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। दोनों नियुक्तियों को स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण राजनीतिक समीकरण माना जा रहा है।



रामलाल जाट



शिवराम खटीक

कांग्रेस ने जिन 12 विधायकों को जिलाध्यक्ष बनाया है, उनमें अजमेर ग्रामीण के विकास चौधरी, बांसवाड़ा के अर्जुन सिंह बामनिया, डीडवाना-कुचामन के जाकिर हुसैन गैसावत, धौलपुर के संजय जाटव, जयपुर ग्रामीण वेस्ट के विद्याधर चौधरी, डूंगरपुर के गणेश घोगरा, झुंझुनूं की रीटा चौधरी, जोधपुर ग्रामीण की गीता बरवड़, करौली के घनश्याम मेहर, सवाई माधोपुर की इंदिरा मीणा, श्रीगंगानगर के रूपिंदर सिंह कुन्नूर और चूरू के मनोज मेघवाल शामिल हैं। नई सूची में विभिन्न जिलों के लिए नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों में अजमेर शहर से राज कुमार जयपाल, अलवर से प्रकाश गंगावत, बालोतरा से प्रियंका मेघवाल, बाड़मेर से लक्ष्मण सिंह गोदारा, ब्यावर से किशोर चौधरी, भरतपुर से दिनेश सिंह सूपा, बीकानेर ग्रामीण से बिशनाराम सियाग, बीकानेर शहर से मदन गोपाल मेघवाल, बूंदी से महावीर मीणा, चित्तौड़गढ़ से प्रमोद सिंह सिसोदिया, दौसा से रामजी लाल ओड, डीग से राजीव सिंह, हनुमानगढ़ से मनीष मकास्सर, जयपुर ग्रामीण ईस्ट से गोपाल मीणा, जैसलमेर से अमरदीन फाकिर, जालोर से रमीला मेघवाल, जोधपुर शहर से ओंकार वर्मा, खैरथल-तिजारा से बलराम यादव, कोटा ग्रामीण से भानू प्रताप सिंह, कोटा शहर से राखी गौतम, कोटपूतली-बहरोड़ से इंद्राज गुर्जर, नागौर से हनुमान राम बांगड़ा, नीम का थाना से गोविंद नारायण घासिया, पाली से शिशुपाल सिंह, फलोदी से मोहम्मद सलीम नागौरी, सलूंबर से परमानंद मेहता, सीकर से सुनीता गठाला, सिरोही से लीलाराम गरासिया, टोंक से सैयद सउद सईदी, उदयपुर ग्रामीण से रघुवीर सिंह मीणा और उदयपुर शहर से फतेह सिंह राठौड़ शामिल हैं। कांग्रेस संगठन ने कहा है कि बाकी बचे जिलाध्यक्षों की घोषणा भी जल्द की जाएगी, ताकि संगठनात्मक ढांचा पूरी मजबूती के साथ आगामी चुनौतियों का सामना कर सके।

## बूंदी में राजस्व विभाग की हैरान करने वाली लापरवाही ,8 साल पहले मर चुका व्यक्ति 'जिंदा' बन गया, पेश भी हुआ और बेदखल भी

**जिले में राजस्व सिस्टम की सच्चाई उजागर, फर्जीवाड़े ने खोली बड़ी खामियाँ**



राम राय मीणा, तहसीलदार



दीपक शर्मा , तत्कालीन पटवारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी ।**

राजस्थान के बूंदी जिले में ऐसा चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसने पूरे राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहाँ 8 साल पहले मर चुके एक व्यक्ति को न केवल 'जिंदा' दिखाया गया, बल्कि उसकी उपस्थिति दर्ज कर, जमीन से बेदखल, फसल नीलाम और जुर्माना तक लगा दिया गया।

यह पूरा घटनाक्रम प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जान-बूझकर रची गई एक सुनियोजित गड़बड़ी जैसा प्रतीत होता है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुरा निवासी इंद्रजीत पुत्र प्रहलाद की मौत 17 अक्टूबर 2016 को हो चुकी थी। मौत के आठ साल बाद 13 फरवरी 2024 को पटवारी की रिपोर्ट पर नैनवां के तहसीलदार राम राय मीणा ने इंद्रजीत के नाम नोटिस जारी किया सरकारी 2 बीघा जमीन (खसरा 66) पर अतिक्रमण किया गया है, एक महीने में हटाएँ। एक महीना पूरा होने के बाद 12 मार्च 2024 को तहसीलदार की ऑर्डर शीट में लिखा मिला पत्रावली पेश हुई। अतिक्रमी उपस्थित। अतिक्रमण करते पाया गया। फसल जब्त कर नीलामी की जाए।

चौंकाने वाली बात यह है कि जिसे 'उपस्थित' बताया गया, वह व्यक्ति 2016 में ही मर चुका था।

**पटवारी ने तो मृतक के 'साइन' तक बनवा दिए**

तहसीलदार के आदेश के बाद तत्कालीन पटवारी दीपक शर्मा ने न सिर्फ बेदखलनामा तैयार कर दिया, बल्कि रिपोर्ट में मृतक इंद्रजीत के हस्ताक्षर तक दर्ज कर दिए। पंचायत के रिकॉर्ड में इंद्रजीत की मृत्यु स्पष्ट रूप से प्रमाणित है, फिर भी राजस्व रिकॉर्ड में उसे जिंदा चलाया गया।

**शिकायतकर्ता का आरोपः गलती छिपाने के लिए पत्नी पर दबाव डाला गया '**

गांव के प्रताप नारायण मीणा ने इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया।

मीणा का आरोप है की गलती उजागर होने पर अधिकारियों ने मृतक की पत्नी पर दबाव बनाया और उससे फर्जी एफिडेविट लिखवा लिया कि पटवारी या किसी की गलती नहीं है । जबकि पूरा मामला दस्तावेजों में साफ दिखाई देता है । यह एफिडेविट केवल दोषियों को बचाने का प्रयास माना जा रहा है।

**पंचायत समिति में तहसीलदार जवाब नहीं दे पाए**

नैनवां पंचायत समिति की साधारण सभा में यह मामला जोरदार तरीके से उठा।

प्रधान पदम नागर ने सख्त सवाल किया । जिंदा लोगों के काम समय पर नहीं होते... तो 8 साल पहले मर चुका व्यक्ति तहसील में कैसे पेश हो गया? उसके साइन कैसे बन गए? बेदखली और नीलामी कैसे हो गई? तहसीलदार राम राय मीणा इन सवालों पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

**कार्रवाई की मांग तेज, प्रशासन की साख पर सवाल**

ग्रामीणों और शिकायतकर्ता ने साफ कहा की यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम में बैठे लोगों की मिलीभगत से किया गया फर्जीवाड़ा है। अब दोषी पटवारी, संबंधित अधिकारियों और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है अगर मरा हुआ व्यक्ति भी राजस्व रिकॉर्ड में जिंदा खड़ा कर दिया जाए... तो सोचिए आम आदमी का हक कैसे सुरक्षित रहेगा? '

## राजस्थान के सभी स्कूलों में नो यूनिफॉर्म डे; SIR को लेकर कांग्रेस पर बरसे दिलावर

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राज्यभर के स्कूलों में सप्ताह में एक दिन 'नो यूनिफॉर्म डे' लागू करने की बड़ी घोषणा की है। मंत्री ने कहा कि आदेश जारी हो चुके हैं और अब विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन अपनी स्थानीय पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल आने की अनुमति होगी। सरकार का कहना है कि इससे बच्चों में संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।



अजमेर में संवाददाताओं से बातचीत में दिलावर ने स्छक्र स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों को खारिज करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। दिलावर ने कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धिकरण प्रक्रिया पूरी तरह नियमित और आवश्यक है, जिसमें मृत व्यक्तियों, दोहराए गए नामों और फर्जी प्रविष्टियों को हटाना शामिल है।

मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बेवजह विवाद खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस को डर है कि फर्जी नाम हट जाएंगे। लगता है कुछ बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों के नाम भी इन्होंने जुड़वा रखे हैं। चोर की दाढ़ी में तिनका तो होता ही है। दिलावर ने स्छक्र कार्य में लगे कर्मचारियों को बिना किसी दबाव के निष्पक्ष रूप से काम करने की सलाह दी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मैदानी कर्मचारियों पर अनावश्यक तनाव न डालें।

धर्मांतरण विरोधी कानून का जिक्र करते हुए दिलावर ने कहा कि राजस्थान सरकार ने एक मजबूत कानून लाकर बड़ा कदम उठाया है और राज्यपाल की मंजूरी के बाद यह और सख्त रूप में लागू होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा धर्मांतरण कराने वालों के समर्थन में खड़ी रही है और इसी कारण आज हर मंच पर इसका विरोध कर रही है।

उन्होंने कहा लव जिहाद हो या धर्मांतरण कांग्रेस हमेशा गलत पक्ष में खड़ी दिखाई देती है। विधानसभा में चुप रहती है और बाहर शोर मचाती है।

## राजस्थान माइंस विभाग अब पूरी तरह डिजिटल मोड पर, 15 दिसंबर से बंद होंगे सभी ऑफलाइन कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के खान, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम विभाग में कामकाज का स्वरूप अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ चुका है। विभाग ने स्पष्ट घोषणा की है कि आगामी 15 दिसंबर से माइनिंग गतिविधियों से जुड़े सभी कार्य पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस होंगे। इस तिथि के बाद किसी भी प्रकार का ऑफलाइन कार्य, फाइल या प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कदम विभागीय कार्यों को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

शनिवार को जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित ओरियंटेशन कार्यशाला में प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकांत ने विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि माइनिंग सेक्टर को तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है और इसी दिशा में विभाग ने व्यापक डिजिटल संरचना तैयार की है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा दो मोबाइल एप, चौदह ऑनलाइन मॉड्यूल और छह वेब-आधारित एप्लीकेशन विकसित किए गए हैं, जिनके माध्यम से ई-रवन्ना, ई-पेमेंट, कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन, माइनिंग प्लान, एलआईएस, विभागीय बकायों की जानकारी, डिमांड जनरेशन तथा नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध होंगी, जिससे आमजन और माइनिंग से जुड़े स्टेकहोल्डर्स को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रमुख सचिव ने कहा कि 1 दिसंबर से डिजिटल मॉड्यूल्स की मॉनिटरिंग शुरू कर दी जाएगी और 15 दिसंबर के बाद विभाग में ऑफलाइन कामकाज पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

कार्यशाला के दौरान निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि दो दिवसीय ओरियंटेशन में अधिकारियों को सभी ऑनलाइन मॉड्यूल्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे सहज रूप से नई व्यवस्था को लागू कर सकें। रविवार को उदयपुर में अगला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक आईटी शीतल अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण में अधिकारियों की तकनीकी जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा मौके पर किया जा रहा है, जिससे डिजिटल सिस्टम के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न रहे।




विभागीय अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित समयसीमा तक सभी कार्यालयों में ऑनलाइन व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी, जिससे न केवल कार्य गति बढ़ेगी बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक दक्षता भी मजबूत होगी। डिजिटल परिवर्तन का यह कदम राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को एक नए दौर में ले जाएगा।

## अवैध बजरी परिवहन पर काछोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रूपारेल के नज़दीक से बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर जब्त कर लिया दोनों वाहन बनास नदी से बजरी भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे ।थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध बजरी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पिछले कुछ दिनों से विशेष रूप से अभियान चला रही है हाल ही में थाना पुलिस द्वारा डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कई वाहनों को जब्त कर कड़ा संदेश दिया गया था ,इसी क्रम में हुई ताज़ा कार्रवाई से बजरी माफिया में हड़कंप मचा हुआ है । थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी ,किसी भी वाहन या व्यक्ति को कानून विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी ,जब्त वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहीं खनन विभाग को भी सूचना भेज दी गई है ।

CMYK

# फैक्ट्री मजदूर की मौत पर हंगामा: मुआवजा तय होने के बाद शांत हुआ माहौल






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

हमीरागढ़ थाना क्षेत्र के चित्तौड़गढ़ रोड स्थित बीएसएल फैक्ट्री में शुक्रवार शाम काम के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत से एक श्रमिक की मौत हो गई। शनिवार सुबह घटना की जानकारी सामने आने के बाद फैक्ट्री गेट पर बड़ी संख्या में मजदूरों और परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्रबंधन पर बिना सूचना दिए अस्पताल ले जाने और सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही के आरोप लगाते हुए परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और उचित मुआवजे की मांग पर अड़ गए।

खैराबाद निवासी छोटूलाल पुत्र जगा सालवी 20 साल से फैक्ट्री में कार्यरत था , शुक्रवार शाम ड्यूटी के दौरान अचानक बेहोश हो गया। साथी श्रमिक उसे भीलवाड़ा जिला अस्पताल ले गए, जहां कुछ ही देर में उसका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार सुबह परिजन, श्रमिक और ग्रामीण फैक्ट्री गेट पर इकट्ठा हुए और प्रबंधन के रवैये पर रोष जताया। परिजनों का आरोप था कि फैक्ट्री ने करीब तीन घंटे तक परिवार से किसी तरह का संपर्क नहीं किया, जिससे गुस्सा और बढ़ गया।

हंगामे की सूचना पर हमीरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। बाद में पुलिस की मध्यस्थता में फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच करीब एक घंटे तक वार्ता चली, जिसमें समझौता हुआ।

प्रबंधन ने मृतक की पत्नी व तीन बच्चों के लिए 14 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और सैलरी की आधी राशि नियमित पेंशन के रूप में देने पर सहमति जताई।

समझौता होने के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया और मजदूर फिर से काम पर लौट गए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# कोठारी नदी में बड़ा हादसा: मिट्टी का ढाव ढहने से दो मजदूरों की मौत, इलाके में सनसनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर से सटे कोठारी नदी क्षेत्र में शनिवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। नदी किनारे चल रहे खुदाई कार्य के दौरान अचानक मिट्टी का विशाल ढाव ढह पड़ा, जिसमें दबकर दो मजदूर युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही मिनटों में नदी किनारा पुलिस, ग्रामीणों और भीड़ से भर गया।

सदर थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नौई के अनुसार सुबह चार युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर कामधेनू बालाजी मंदिर के पीछे कोठारी नदी पहुंचे थे। मिट्टी निकालने के दौरान ढाव अचानक नीचे खिसक गया और दो युवक दीपु सिंह (27) पुत्र भंवरसिंह रावणा राजपूत और पूरण (19) पुत्र दुर्गालाल बागरिया उसमें दब गए।

हादसा होते ही साथ मौजूद उनके साथी राजू रैगर और सोहेल मोहम्मद ने शोर मचाकर मदद बुलाई। मंदिर परिसर में मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। सूचना पर सदर और सुभाषनगर थाना पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक नदी से बजरी निकाल रहे थे और उसी दौरान ढाव ढह गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि परिजनों की रिपोर्ट और जांच के बाद ही हादसे का वास्तविक कारण सामने आ पाएगा।

# प्रपत्र बांट रहे बीएलओ पर हमला, सरपंच पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

जिले के नानसा जागीर गांव में प्रपत्र वितरण के लिए पहुंचे बीएलओ के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी की रिपोर्ट पर रायपुर थाना पुलिस ने सरपंच पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीएलओ और शिक्षक धर्म सिंह मीणा गांव के राजपूत मोहल्ले में घर-घर जाकर प्रपत्र बांटने का कार्य कर रहे थे। इस दौरान वहां पहुंचे सरपंच पति रामचंद्र सालवी ने मीणा से रात के समय पत्र वितरण के बारे में पूछताछ की और अलग-अलग जानकारी जुटाने का दबाव बनाया। मीणा ने अधिकारियों की अनुमति का हवाला देते हुए इस हस्तक्षेप पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ने पर सरपंच पति ने कथित रूप से बीएलओ के साथ मारपीट कर दी।



घटना के बाद मीणा ने रायपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने सरपंच पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट की वारदात से ग्रामीणों में नाराजगी है और लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सरेरी गांव में टेंट गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक-गांव में अफरा-तफरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के सरेरी गांव में शनिवार दोपहर टेंट सामग्री के गोदाम में अचानक लगी आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। कुछ ही मिनटों में आग इतनी तेजी से भड़क उठी कि देखते ही देखते पूरा गोदाम लपटों में घिर गया। घटना में लाखों रुपए का सामान राख हो गया और आसमान में उठते धुएं के गुबार ने पूरे गांव का माहौल दहला दिया।



### चत्रभुज व्यास के गोदाम में लगी आग, छत और पट्टियां ढहीं

घटना ब्राह्मणों की सरेरी निवासी चत्रभुज व्यास के टेंट गोदाम की बताई जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, अज्ञात कारणों से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें इतनी तीव्र थीं कि गोदाम की छत और लकड़ी की पट्टियां जलकर ढह गईं। आसपास के लोग आग की लपटें देखकर घरों से बाहर निकल आए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



### दमकल और पुलिस मौके पर, आग पर काबू पाने में जूझती टीमें

घटना की सूचना मिलते ही दमकल दल और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी लगातार पानी की बौछारें डालकर आग को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गोदाम में मौजूद टेंट सामग्री तेजी से सुलगने के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# दो बूंद जिंदगी की ,भीलवाड़ा में रैली के साथ शुरू हुआ पोलियो जागरूकता अभियान



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

देशभर में 23 नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए भीलवाड़ा में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर से नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसने शहरवासियों को दो बूंद जिंदगी की का महत्व समझाया।

रैली में शामिल छात्रों ने हाथों में संदेश लिखी तख्तियां थाम रखी थीं अपने बच्चों को स्वस्थ बनाएं, उन्हें पोलियो की दवा पिलाएं, पोलियो का टीका, जीवनभर का रक्षक, जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया।

रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर, महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़ और जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिले में इस बार 85 हजार घरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 54 हजार 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 4 जोनल ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। यह तीन दिवसीय महाअभियान रविवार से शुरू होगा। पहले दिन सभी टीकाकरण बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि सोमवार और मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक देंगी।

जिला स्तरीय शुभारंभ महात्मा गांधी अस्पताल में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया जाएगा। कार्यक्रम में अभियान कोऑर्डिनेटर डॉ. अमूल पारीक, सह-कोऑर्डिनेटर डॉ. संदीप शर्मा, जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसिपल लोकेश शर्मा, डॉ. प्रियांक जैन सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का भाजपाइयों ने किया स्वागत अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत के अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा, सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत, अभिनंदन किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि रणकपुर से नागदा जाते समय अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा सर्किट हाउस में रुके कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत से जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने परिचय के साथ मुलाकात की और उपरणा ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर,



जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, अशोक तलाइच, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, आरती कोगटा, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी, जिला आईटी संयोजक अजय नौलखा, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, प्रदीप चौधरी, महेंद्र नायक, आकाश मालावत, अर्पित समदानी, बबलू कुमावत, मीनाक्षी नाथ आदि उपस्थित रहे ।

# डीएलसी दरों में भारी बढ़ोतरी का विरोध , खरीदारों पर पड़ेगी दोहरी मार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान सरकार द्वारा आरसीसी मकानों व फ्लैटों की निर्माण डीएलसी दरों में 50% बढ़ोतरी पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कड़ा विरोध जताया है। माली ने कहा कि यह फैसला आम आदमी पर सीधी आर्थिक मार है, जो पहले से ही महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रहा है।

माली के अनुसार, केंद्र सरकार जहां हर परिवार को मकान उपलब्ध कराने के लिए रियायतें दे रही है, वहीं राज्य सरकार का यह निर्णय लोगों के सपनों के घर को और महंगा कर देगा। उन्होंने बताया कि वास्तविक निर्माण लागत 1000-1200 रुपये प्रति वर्गफुट ही आती है, जबकि सरकार के टेंडर भी यही दर दिखाते हैं। ऐसे में अचानक डीएलसी को 1800 रुपये करना अव्यवहारिक है।

माली ने बताया कि पहले 1000 वर्गफुट निर्मित मकान की रजिस्ट्री पर 96,000 रुपये खर्च होते थे, लेकिन नई दरों के अनुसार यह राशि बढ़कर 1,44,000 रुपये हो गई है। माली ने इसे जनता की जेब काटने जैसा निर्णय बताते हुए सरकार से डीएलसी बढ़ोतरी पर पुनर्विचार की मांग की।

# जिंदल शा लिमिटेड के बाहर ग्रामीणों का प्रदर्शन, मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर से सटे पांसल, दरीबा और समोड़ी ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को जिंदल शा लिमिटेड के 6 नंबर गेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व सरपंच छोटू लाल जाट और किशन चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध में ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा स्थानीय हितों की अनदेखी और पर्यावरणीय नुकसान पर गहरी नाराज़गी जताई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी के संचालन से चारागाह भूमि नष्ट हो रही है, जिससे पशुपालकों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं मिल रही। इसके अलावा ब्लास्टिंग से होने वाले नुकसान की भरपाई की मांग भी प्रमुख रही।



धरने में शामिल ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में हजारों की संख्या में उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थिति बिगड़ने की जिम्मेदारी जिंदल शा लिमिटेड और प्रशासन दोनों की होगी।



## QUICK BITES

### भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा ने महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत हरी सेवा संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में महिलाओं और छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत मायाराम की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गायन से हुआ। शिविर में प्रशिक्षक विनीता तापड़िया, धर्म जागरण समन्वय संयोजिका, ने दैनिक जीवन में उपयोगी आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास करवाया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और संकट की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने की क्षमता विकसित करना है। डॉ. रूपा पारीक ने बताया कि शिविर में विद्यालय के 74 बालक-बालिकाओं को दंड विद्या, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजन का संचालन कमलेश बोड़ाना ने किया और अंत में शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। परिषद और विद्यालय स्टाफ के कई सदस्य आयोजन में उपस्थित रहे।

### निराश्रित और बीमार गोवंश के लिए विधायक अशोक कोठारी ने समर्पित की कपिला गौ एम्बुलेंस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




शहर के निराश्रित, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को समय पर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक अशोक कोठारी ने नई कपिला गौ एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। यह एम्बुलेंस उन बेसहारा गायों के लिए संजीवनी साबित होगी जिन्हें सड़क दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में तत्काल उपचार नहीं मिल पाता।

शुभारंभ के अवसर पर विधायक कोठारी स्वयं गौ रथ को चलाकर मौके पर पहुंचे और संचालन की जिम्मेदारी प्रभारी शंकर सालवी को सौंपी। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह एम्बुलेंस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल या बीमार गायों को प्राथमिक उपचार प्रदान करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अस्पताल या गौशाला तक सुरक्षित पहुंचाएगी।

विधायक कोठारी की यह पहल गोसेवा को बढ़ावा देने और शहर में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा के लिए एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में चौकी खेड़ा गंगापुर गौशाला से राजेश रांका, मनफूल चौधरी, शंकर जाट, रामप्रसाद जाट, भेरूलाल पांचाल, आनंद चपलोत, शिक्षाविद विवेक निमावत, मनोज, सत्यनारायण गूगड, एडवोकेट अर्पित कोठारी समेत अनेक गौभक्त और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# धाँधोला में नवसृजित ग्राम पंचायत का उत्सव, ग्रामीणों ने विधायक गोपीचंद मीणा का किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ ।

नवसृजित ग्राम पंचायत धाँधोला की घोषणा के बाद क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। इसी उपलक्ष्य में ग्राम छाजेला का खेड़ा, धाँधोला, नला का झूपड़ा और गोरमगढ़ के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक गोपीचंद मीणा का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व सुरेश कुमार मीणा (छाजेला का खेड़ा) द्वारा किया गया, जिन्होंने विधायक के प्रति ग्रामीणों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्रामीणों ने



विधायक मीणा को गाँवों की अन्य प्रमुख समस्याओं से भी अवगत कराया और शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई। नवगठित ग्राम पंचायत के चलते इलाके में विकास की गति तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया।

ग्रामीणों ने विधायक मीणा को पारंपरिक साफा पहनाकर व मुँह मीठा कराकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधान करण सिंह बेलवा, सुरेश कुमार मीणा छाजेला का खेड़ा, रामसिंह मीणा, यादराम मीणा, जमनालाल मीणा, प्रेमचंद मीणा, सोजीलाल जागिड़, खैमराज मीणा, फूलचंद भील, मोहनलाल मीणा, रतनलाल शर्मा, मुकेश मीणा, मनीष मीणा, लाल बहादुर मीणा, गोपाल मीणा, लोकेश रेगर, रामराज शर्मा, धर्मेंद्र मीणा,धर्मराज मीणा, भवर लाल मीणा, शिशुपाल मीणा, रामेश्वर मीणा, संजय मीणा, हरिसिंह मीणा, सूरज मीणा, मनोज मीणा,लादू लाल रेगर, रामराम बलाई,सत्यनारायण मीणा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बरूंदनी में शहीद जगन्नाथ मीणा की प्रतिमा लोकार्पण की तैयारियाँ तेज, अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

तहसील के बरूंदनी गांव में 23 नवंबर को होने वाले अमर शहीद जगन्नाथ मीणा की प्रतिमा लोकार्पण समारोह को लेकर तैयारियाँ चरम पर हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जगन्नाथ मीणा की स्मृति में आयोजित यह समारोह न केवल गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का अवसर बन गया है।

समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक बाबू लाल विश्नोई, बिगोद





थाना प्रभारी जय सुल्तान, सरपंच गजेंद्र साहू, पूर्व सरपंच जगदीश मीणा (मेनाल), राकेश मीणा, शैतान सिंह मीणा और ओराई बांध के अध्यक्ष शंभू लाल मीणा ने स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मंच व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित विभागों को समय पर सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

समारोह को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन न केवल बरूंदनी गांव के गौरव को बढ़ाएगा बल्कि युवाओं को शहीदों के साहस और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश भी देगा।

# स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, 200 छात्र हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा श्री दयानंद उच्च प्राथमिक विद्यालय, महलों का चौक में स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप आरयूआईडीपी के सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की



अनिवार्य आवश्यकता है। स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें ताकि बीमारियों का खतरा कम हो।

राणावत ने परियोजना कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि आरयूआईडीपी द्वारा एफएसटीपी निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समझाया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला फिकल स्लज अक्सर खुले में फेंका जाता है, जिससे वही गंदगी किसी न किसी रूप में हमारे घरों तक वापस पहुंचती है और बीमारियों का कारण बनती है। एफएसटीपी के माध्यम से इस मलजल को सुरक्षित रूप से ट्रीट किया जाएगा और तैयार खाद का उपयोग खेतों में किया जा सकेगा। इससे गंदगी फैलने पर रोक लगेगी और वातावरण स्वच्छ रहेगा।

कार्यक्रम में विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि आरयूआईडीपी का यह जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय है और ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए ताकि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

# कांस्या के सरकारी स्कूलों में 250 ऊनी जर्सी वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

सर्दी के प्रकोप से बचाव और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के उद्देश्य से साँवललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूर्त न्यास तथा नन्दूबाई सरजूबाई धार्मिक एवं पूर्त न्यास के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांस्या में ऊनी जर्सी वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांस्या पंचायत के





सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कुल 250 ऊनी जर्सियां वितरित की गईं। विद्यार्थियों के चेहरों पर जर्सी मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। समारोह की अध्यक्षता सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा ने की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभुलाल वर्मा, समस्त शिक्षकगण, कांस्या ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा न्यास के प्रबंध न्यासी कमलेश कुमार सनाढ्य, डॉ. दुर्गा शंकर मेहर और न्यासी भवानी शंकर पाराशर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंध न्यासी कमलेश कुमार सनाढ्य ने कहा कि न्यास द्वारा शिक्षा, सामाजिक सरोकारों और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# भगवान नृसिंह मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह, पंडित धीरेंद्र शास्त्री होंगे मुख्य अतिथि

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर ।

जिले के मेहरुकला में 2 दिसंबर को भगवान नृसिंह मंदिर की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कथावाचक बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंदिर के महंत हरिदास महाराज ने बताया कि उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात कर समारोह में आने का निमंत्रण दिया, जिसे पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सहर्ष स्वीकार किया। महंत के अनुसार यह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव क्षेत्र को नई पहचान देगा। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के मेहरुकला आगमन को लेकर धर्म प्रेमियों में उत्साह का माहौल है और सभी श्रद्धालु इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।



# परिवार से नाता तोड़ने वाली बेटियों को न मिले विरासत , विधायक कोठारी ने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।






राजस्थान में बदलते सामाजिक परिवेश और बढ़ते विवादों को देखते हुए भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने एक बड़ा सुझाव देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आग्रह किया है कि माता-पिता की बिना सहमति अन्य समाज/समुदाय में विवाह करने वाली बेटियों को पैतृक संपत्ति में मिलने वाले विरासत अधिकार पर नियंत्रण लगाया जाए, क्योंकि ऐसे मामलों से परिवारों व राजस्व न्यायालयों में विवाद तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

विधायक कोठारी ने पत्र में उल्लेख किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटों-बेटियों को समान अधिकार मिले हुए हैं, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां यह अधिकार परिवारों में गंभीर मतभेद, संपत्ति विवाद और भावनात्मक विघटन का कारण बन रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं जहां बेटियां माता-पिता की सहमति के बिना अन्य समुदाय के युवक से विवाह हेतु घर से चली जाती हैं। पुलिस द्वारा बरामदगी के बाद न्यायालय में पेशी के दौरान कई लड़कियां मजिस्ट्रेट के सामने माता-पिता को पहचानने से भी इनकार कर देती हैं, और उनके साथ वापस जाने से मना कर देती हैं।विधायक कोठारी ने तर्क दिया कि ऐसी लड़कियां जब परिवार से नाता तोड़ देती हैं, तब माता-पिता की मृत्यु के बाद भी विरासत के नामांतरण में उनका नाम वारिसान में दर्ज हो जाता है। कई मामले ऐसे सामने आए हैं जहां वे जमीन बेचे जाने में सक्रिय हो जाती हैं, जबकि न तो वे परिवार के संपर्क में होती हैं और न ही परिवार के हित से जुड़ी रहती हैं। इससे राजस्व अदालतों और परिवारों में अनावश्यक विवाद पैदा होते हैं।

कोठारी का कहना है कि जब कोई लड़की खुद अदालत में कहती है कि वह अपने माता-पिता को नहीं पहचानती, तो यह दर्शाता है कि उसने अपने स्तर पर परिवार से रिश्ता तोड़ लिया है। ऐसे में उसका पैतृक संपत्ति पर हक़ विचारणीय है। उन्होंने कहा कि सामाजिक मर्यादा, परिवार की प्रतिष्ठा और अनावश्यक विवादों को रोकने के लिए ऐसे मामलों में नामांतरण पर नियंत्रण जरूरी है।

विधायक कोठारी ने चेतावनी दी कि बढ़ती पाश्चात्य सोच, लव जिहाद व संपत्ति के लालच में बच्चियों के दुरुपयोग जैसे मामलों को रोकने के लिए भी कानून आवश्यक है। उन्होंने गुजरात में लागू समान कानून का हवाला देते हुए राजस्थान में भी इसी प्रकार का कानूनी परीक्षण करवाने की मांग की है।

अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री शर्मा से आग्रह किया है कि पत्र में वर्णित तथ्यों पर गंभीरता से विचार कर समुचित कानूनी कदम उठाए जाएं, ताकि सामाजिक मर्यादा बनी रहे, विवाद कम हों और राजस्व न्यायालयों का बोझ भी घटे।

# गोपी भाव से ही संभव ईश्वर प्राप्ति , व्यासपीठ से बोले युवा संत दिग्विजयराम

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।







रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत दिग्विजयराम ने कहा कि जीवन में सच्चा भक्ति भाव अंगीकार करना हो तो 'गोपी भाव' को प्रधानता देनी होगी, तभी ईश्वर की प्राप्ति संभव है। धर्मनगरी मांडलगढ़ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के षष्ठम दिवस पर शनिवार को व्यासपीठ से कथा सुनाते हुए उन्होंने शरद पूर्णिमा की रात हुए दिव्य महारास का वृहद और भावपूर्ण वर्णन किया।

संत दिग्विजयराम ने बताया कि जब वेणुवादन सुनकर गोपियां श्रीकृष्ण के पास पहुँचीं और कृष्ण ने उन्हें घर लौटने को कहा तो गोपियों ने प्रेम में डूबकर कहा कि 'अब हमारे चरण घर की ओर नहीं जा सकते। इसी बीच राधारानी भी महारास में सम्मिलित हुईं। संत ने अपने मधुर भजन राधा नाचे, कृष्ण नाचे, नाचे गोपीजन' की प्रस्तुति दी तो कथा मंडप भक्तिरस से सराबोर होकर मानो महारास मंडल बन गया।

कथा में उन्होंने सुदर्शन और शंखचूड़ का श्रीकृष्ण द्वारा उद्धार, कंस के भेजे राक्षसों के वध तथा देवर्षि नारद द्वारा कंस को कृष्ण-बलराम के बारे में बताए जाने का प्रसंग विस्तार से सुनाया। अक्रूर के माध्यम से कृष्ण के मथुरा प्रस्थान और माता-पिता देवकी-वसुदेव की मुक्ति का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार कृष्ण ने कुबजा की वक्रता दूर की, कुवलयापीड़ हाथी का वध किया तथा अखाड़े में चाणूर-मुष्टिक को परास्त कर कंस का अंत किया।

संत ने संदीपनी आश्रम में कृष्ण की शिक्षा, सुदामा से मित्रता और गुरु-दक्षिणा में उनके मृत पुत्र को जीवनदान के प्रसंग को उजागर करते हुए बताया कि भगवान आगे चलकर मथुरा के अधिपति बने। इसके बाद उद्धव-गोपियों के संवाद, भावपूर्ण भ्रमरगीत और गोपियों के कृष्ण-प्रेम के वर्णन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के विवाह प्रसंग में संत ने रूकमणी कृष्ण विवाह का मनोहारी विवरण प्रस्तुत किया। 'बन्नो मारो द्वारिकानाथ, बन्नी तो मारी रूकमणी' भजन गूंजते ही कथा पांडाल विवाह मंडप में बदल गया और कृष्ण-रूकमणी की झांकी ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।सत्र के प्रारंभ में कास्ट परिवार और उनके मित्रों द्वारा व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विधानसभा क्षेत्र 180-भीलवाड़ा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शनिवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग जयपुर, रोनक बैरागी ने निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदान प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

इस दौरान बैरागी ने विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ (एस.डी.एम.) एवं समस्त एईआरओ के साथ जिला मुख्यालय पर बैठक आयोजित की और प्रगति का आकलन किया। न्यूनतम प्रगति वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए उन्होंने निर्देश दिए और कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया।

बैरागी ने विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र 205 और 233 का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य का पर्यवेक्षण किया और उन्हें प्रगति सुनिश्चित करने एवं कार्य में गति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल को ग्रामवासियों ने दी श्रद्धांजलि



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

क्षेत्र के ईटमारिया ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा के निधन पर ग्रामवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। ग्रामवासियों ने शनिवार को मीणा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मीणा के योगदान को याद करते हुए प्रशासन से मृतक के परिवार के प्रति सहानुभूति और सहयोग की अपील की।

## विधायक कोठारी ने स्वायत्त शासन मंत्री से की मुलाकात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

स्थानीय विधायक अशोक कोठारी ने शहर के चहुंमुखी विकास को लेकर स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से सर्किट हाउस में मुलाकात की। बैठक में जोधड़ास ओवर ब्रिज और कोठारी नदी के ओवर ब्रिज पर काम, सांगानेर ओवर ब्रिज की धीमी प्रगति, नगर निगम एवं न्यास में रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ, वर्षा ऋतु में जलभराव और भूखंड लॉटरी जैसी जनहित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक कोठारी ने गांधी सागर तालाब के नालों से होने वाले प्रदूषण, सड़क निर्माण और ड्रेनेज व्यवस्था, ट्रैफिक सिग्नल, नाले चौड़े करने और मजबूत निर्माण पर जोर दिया।

उन्होंने डीएमएफटी फंड से दो कचरा संग्रहण केंद्र (ट्रांसफर स्टेशन) स्थापित करने का भी अनुरोध किया। बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे और भविष्य के विकास को गति देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

## QUICK BITES

### प्रवीण तोगड़िया 7 दिसम्बर को बिजौलिया में

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।



अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और प्रखर हिंदूवादी नेता 7 दिसम्बर को शाम 7 बजे कस्बे में पहुंचेंगे जहां वे विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद चित्तौड़ प्रान्त के अध्यक्ष चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर अशोक शारदा और कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने बताया कि डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया 1 दिसंबर से 15 दिन के लिए राजस्थान प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान 5 से 10 दिसम्बर तक चित्तौड़ प्रान्त में प्रवास पर रहेंगे। डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया के प्रवास को देखते हुए बिजौलिया क्षेत्र में उनके कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है।

### दिल्ली में आयोजित साहित्य कुंभ में नवीन जैन 'नव' ने जीता दर्शकों का दिल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।







स्थानीय युवा कवि नवीन जैन 'नव' ने नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित साहित्य के सितारे का महाकुंभ कार्यक्रम के अंतर्गत साहित्य तक माइक के लाल मंच पर शानदार काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभर से आए उभरते कवियों के बीच 'नव' की प्रस्तुति ने भीलवाड़ा का नाम एक बार फिर गर्व से ऊँचा किया। इस भव्य आयोजन में एक ओर हल्ला बोल मंच पर डॉ. कुमार विश्वास अपने चर्चित काव्य 'अपने-अपने राम' से श्रोताओं को भाव-विभोर कर रहे थे, वहीं साहित्य कुंभ में स्वयं श्रीवास्तव और मनु वैशाली अपनी काव्यधारा बहा रहे थे। दूसरी ओर देशभर से आए युवा कवि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। इसी पटल पर नवीन जैन 'नव' ने अपनी सशक्त कविताओं के माध्यम से अलग ही पहचान बनाई और जोरदार तालियाँ बटोरीं। काव्य मंच पर उनकी प्रस्तुति को सराहते हुए साहित्यप्रेमियों ने कहा कि 'नव' ने न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि भीलवाड़ा जिले का गौरव भी बढ़ाया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खाद की कमी, अन्नदाता परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




**(सांवर वैष्णव)**। क्षेत्र के आकोला, जीवा का खेड़ा सहित आसपास के कई गांवों में डीएपी और यूरिया खाद की भारी कमी के कारण किसान परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष बेमौसम बारिश के कारण फसलों की बुवाई पहले ही देरी से शुरू हो पाई है, ऐसे में खाद की उपलब्धता और भी जरूरी हो गई है। किसानों ने बताया कि जीएसएस व एग्रो एफएस समितियों में खाद की सप्लाई बहुत कम होने से उन्हें घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। जिन समितियों पर खाद पहुंची भी है, वहां किसानों को सिर्फ एक-एक बैग ही दिया जा रहा है। किसानों ने राज्य सरकार से मांग की है कि डीएपी और यूरिया की आपूर्ति तुरंत बढ़ाई जाए, ताकि बुवाई का समय निकल न जाए और किसानों को राहत मिल सके।

### ढेलाणा में निकली चारभुजानाथ की शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)**। क्षेत्र के ढेलाणा गांव में शनिवार को चारभुजानाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से शाम 4:15 बजे शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जो ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ आगे बढ़ी। महिलाओं, पुरुषों और युवक-युवतियों ने नाचते-गाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा तेजाजी चौक, नेशनल हाईवे, नई आबादी, सगसजी चौक, शिवालय और रावला चौक होते हुए भैरूनाथ मंदिर प्रांगण में पहुंची। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान देवालाल जाट, सम्पत दरोगा, रघुनाथ सिंह, शंकर सिंह, गोवर्धन सिंह, सत्यनारायण सिंह, गोपाल जाट, रघुवीर सिंह, नारायण जाट, सांवरमल वैष्णव, गणेश दरोगा, मुकेश सिंह, राघवेन्द्र, हेमराज सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।